हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 11 अगस्त 2025
नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा

06 गोगा नवमी की तैयारियां जोरों पर, इस बार पवित्र ...

08 बहनों ने मंगल तिलक लगाकर भाइयों की कलाई ...


## खबर संक्षेप में

### जवाहर नवोदय स्कूल में प्रवेश के लिए ऑन लाइन पंजीयन प्रारंभ

**सीहोर।** सीहोर जिले के श्यामपुर स्थित जवाहर नवोदय स्कूल में कक्षा 9वीं एवं 11वीं में सत्र 2026-27 चयन परीक्षा के माध्यम से प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ हो गए है। यह प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन होगी जिसका आवेदन नवोदया विद्यालय समिति की बेवसाईट www navodaya.gov.in पर दिये गये लिंक के माध्यम से किए जा सकते हैं। पंजीयन की अंतिम तिथि 23 सितंबर 2025 है। कक्षा 9वीं में पंजीयन के लिए अभ्यर्थी की जन्म तारीख 01 मई 2011 से 31 जुलाई 2013 के बीच होना चाहिए। इसी प्रकार कक्षा 11वीं में पंजीयन के लिए अभ्यर्थी की जन्म तारीख 01 जून 2009 से 31 जुलाई 2011 के बीच होना चाहिए ।

### जिले के यात्रियों के आयोजित होंगी 02 तीर्थ यात्राएं

**सीहोर।** मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत सीहोर जिले के तीर्थ यात्रियों के लिए 2 तीर्थ यात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। शासन द्वारा जारी निर्देशानुसार सीहोर जिले के यात्रियों को 13 अगस्त से 18 अगस्त 2025 तक वाराणसी-अयोध्या की तीर्थ यात्रा कराई जाएगी। इसी प्रकार 24 सितंबर से 29 सितंबर 2025 तक तिरूपति की तीर्थयात्रा कराई जाएगी। वाराणसी-अयोध्या की तीर्थ के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 9 अगस्त 2025 है।


### दिगंबर जैन समाज के प्रवचन में मुनिश्री ने धर्म रक्षा और वात्सल्य पर्व बताया रक्षाबंधन

## जिनके मन निर्मल उनके उपसर्ग होते हैं दूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

धर्म के मार्ग पर जो चलते हैं, उनके मन में निर्मल भाव आ जाते हैं। धर्म के मार्ग पर चलने से आगामी भव में अनुकूल परिस्थितियां मिलती है, इसीलिए हमें धर्म की शरण में रहना चाहिए। जिनका मन निर्मल होता है उनके उपसर्ग भी दूर हो जाते हैं। जो पर्व घटना विशेष के कारण मानते हैं, उसे नेमेनिक पर्व कहते हैं। रक्षाबंधन का पर्व धर्म रक्षा व वात्सल्य का पर्व है, जो हमें निःस्वार्थ त्याग, स्नेह एवं आत्मीयता का संदेश देता है। स्थानीय दिगंबर जैन समाज में इस वर्ष चातुर्मास हेतु विराजित प.पू.गणाचार्य श्री 1008 विरागसागर जी महा मुनिराज के सुशिष्य मूल संघ के गणधर मुनि श्री 108 विवर्धन सागर जी महाराज व मुनि श्री विश्व नायक महाराज जी ने रक्षाबंधन पर्व पर प्रवचन के दौरान यह बात कही।

मुनि श्री ने रक्षाबंधन पर्व का महत्व बताते हुए कहाकि श्रावण शुक्ल पूर्णिमा के दिन 11वें तीर्थंकर भगवान श्रेयांशनाथ जी का निर्वाण हुआ था। आज के दिन विष्णुकुमार मुनि द्वारा अकंपनाचार्य मुनिराज के संघ के 700 मुनियों पर आए उपसर्ग को दूर कर उनकी रक्षा की थी। मुनिश्री ने बताया कि उज्जैन नगर में राजा श्री वर्मा राज्य करते थे। उनके बलि, बृहस्पति, प्रहलाद व नमुचि चार मंत्री थे। जो धर्म के प्रति उत्साहित नहीं थे। एक बार अकंपन मुनि अपने 700 मुनिराजों के साथ नगर में आए। मुनि संघ के प्रभाव से चारों ॠतुओं के फल एक साथ आ जाते हैं, यहां देखकर लोगों को और राजा को बड़ा कौतुहल होता है। राजा सारे नगर के साथ अकंपन मुनिराज के दर्शन करने जाते हैं और अकंपन मुनिराज को अपने ज्ञान से ज्ञात हुआ कि मुनि संघ पर कोई बड़ा उपसर्ग आने वाला है। आचार्य अकंपन सागर जी ने सभी शिष्यों को मौन रहने का आदेश दिया। उन्होंने बताया कि आचार्य श्री के आदेश पर सभी मुनिराज ध्यान में लीन हो गए थे। राजा ने सभी को नमोस्तु बोलकर वंदन किया। लेकिन चारों मंत्री मुनिराज के प्रति राजा को भड़काते हैं राजा कहता है कि मुनिराज ध्यान मग्न है इसीलिए मौन बैठे हैं। लेकिन उसी समय श्रुत मुनिराज आहार करके आ रहे थे। वे गुरु आज्ञा से अनभिज्ञ थे तथा मंत्रियों से वाद विवाद कर बैठे और विजयी हुए। वाद विवाद में हारने पर चारों मंत्रियों को आत्मग्लानी होती है और क्रोधित होकर चारों मंत्री मुनिराजों से बदला लेने के लिए रात में मुनि संघ की ओर जाते हैं।मुनि राज ने अपने आचार्य से मंत्री से हुए विवाद के बारे में बताते है। आचार्य श्री ने कहा कि है मुनिराज आप मौन क्यों नहीं रहे। मुनिराज ने कहा कि मुझे आपकी मौन रहने की आज्ञा का पता नहीं था। श्रुतकुमार मुनि आचार्य श्री के आदेश का पालन करते हुए जहां शास्त्रार्थ हुआ था वही साधना मे लीन हो जाते हैं। मुनि श्री ने कहा कि जो धर्म के मार्ग पर चलता है उसके मन में निर्मल भाव आ जाते हैं। धर्म के मार्ग पर चलने कारण आगामी भव में अनुकूल परिस्थितियों मिलती है। धर्म की शरण में हमेशा रहना चाहिए। चारों मंत्री मुनिराजों से बदला लेने जाते हैं। ₹यति हत्या सबसे बड़ा पाप होता है₹। वे श्रुतकुमार मुनि पर अपनी अपनी तलवार से हमला करने के लिए तैयार हो जाते हैं। लेकिन जिनका मन निर्मल होता है उनके उपसर्ग भी दूर हो जाते हैं। इस समय उन चारों मंत्रियों को नगर देव ने किलित कर दिया। जिससे वे चारों मंत्री मूर्तिवत हो गए। शनि शनैः शनैः प्रातः काल हुआ श्रावक आते हैं वे सभी राजा के साथ इस दृश्य को देखते हैं। राजा मंत्रियों को दंड देने का आदेश देते हैं लेकिन मुनिराज ने सजा देने का मना कर दिया। मुनिराज क्षमा की मूर्ति होते हैं। राजा के कहने पर नगर देव ने भी मंत्रियों को छोड़ दिया। राजा के कहने पर चारों मंत्रियों को गधे पर बैठाकर जुलूस निकालकर राज्य से बाहर भेज देते। चारों मंत्री हस्तिनापुर पहुंचे वहां के राजा अपने पुत्र विष्णु कुमार को राजभार देना चाहते हैं। विष्णु कुमार भी राज्य वैभव को क्षणभंगुर समझ कर राज्य लेने से मना कर देते हैं। संसार को कीचड़ के समान मानकर अपने पिता राजा के साथ दीक्षा लेने विष्णु कुमार भी जंगल की ओर चलते हैं। विष्णु कुमार के छोटे भाई पदम राजा बन जाता है राजा पदम के मंत्री वे ही चार मंत्री होते हैं। उसी समय वे 700 मुनिराज हस्तिनापुर आते हैं। वे चारों मंत्री मुनिराज संघ से बदला लेने की सोचते हैं। वे चारों मंत्री 7 दिन के लिए वचनानुसार राजा से राज्य ले लेते हैं। तथा अकंपनाचार्य मुनिराज के संघ के चारों ओर अग्नि लगा देते हैं। 700 मुनिराज के ऊपर उपसर्ग होता है उसी समय अयोध्या में विराजमान मुनि श्री को इस उपसर्ग का ज्ञान हो जाता है उनके पास पुष्पदंत नाम के क्षुल्लक बैठे थे उनको उपसर्ग के बारे में मुनिराज बताते हैं। उसी समय विष्णु कुमार मुनिराज जिनको विक्रिया रिद्धि प्राप्त होने से उन्हें 700 मुनिराज के ऊपर हस्तिनापुर में होने वाले उपसर्ग का ज्ञान हो जाता है। लेकिन मुनिराज अपनी रिद्धि का उपयोग नहीं करते है। विष्णु कुमार मुनिराज ने अपना हाथ आगे किया तो सुमेरु पर्वत पहुंच गया तब उनको पता लगा कि मुझे विक्रिया सिद्धि प्राप्त हो गई। उसी समय विष्णु कुमार मुनि अपने गृहस्थ भाई राजा पदम से कहते हैं कि तुम्हारे राज्य में मंत्रियों के द्वारा 700 मुनियों पर उपसर्ग किया जा रहा है। उसी समय विष्णु कुमार वामन रूप (52 अंगुल) धारण करते हैं। जिसको देखकर मंत्री प्रसन्न हो जाते हैं विष्णु कुमार मुनि वामन रूप में राजा से तीन पग भूमि मांगते हैं। राजा तीन पग भूमि दान स्वीकार कर लेते हैं। उसी समय विष्णु कुमार मुनि विशाल रूप बना लेते हैं उनका एक पग सुमेरु पर्वत पर दूसरा जम्बू दीप पर देखकर राजा डर जाता है। विष्णु कुमार का तीसरा पग राजा के ऊपर आता देखकर भयभीत राजा मुनिराज के ऊपर से अग्नि को हटा लेते हैं। इधर सारे नगर में 700 मुनिराज के लिए पड़गाहन होता है। सभी को आहार में सिवईया की खीर दी जाती है। सभी श्रावक एक दूसरे को यज्ञोपवित पहनते हैं इस प्रकार विष्णु कुमार के द्वारा उपसर्ग दूर करने के कारण इस पर्व को वात्सल्य पर्व कहते हैं। व व्रति बनकर हमें मोक्ष पद धारण करना है। इसीलिए यहां पर्व प्राणी मात्र की रक्षा का, संस्कार और संस्कृति की रक्षा का पर्व है। यहां पर्व हमें निःस्वार्थ त्याग, स्नेह एवं आत्मीयता का संदेश देता है।

### आज शाही ठाठ बाट से निकलेंगे बाबा कनकेश्वर और भूतेश्वर महादेव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कानड़

श्रावण माह के समापन के उपरांत आज प्रजा का हाल जानने शाही ठाठ बाट से निकलेंगे बाबा कनकेश्वर व भूतेश्वर महादेव। नगर में सोमवार को बाबा कनकेश्वर महादेव और बाबा भूतेश्वर की शाही सवारी का विशाल चल समारोह शाम 7 बजे पुराना बस स्टैंड से निकला जाएगा। शाही सवारी में आगर के मशहूर बैंड ,ढोल पार्टी, तोप से पुष्प वर्षा और विभिन्न झांकियां चलित वाहनों के साथ शामिल होगी। नगर में अनेक स्थानों पर विभिन्न संगठनों द्वारा शाही सवारी में शामिल लोगो के सम्मान में जलपान सहित खीर खिचड़ी आदि की व्यवस्था की तैयारी की गई है।पिपलाचोक में हरिहर मिलन का भी आयोजन होगा।शाही सवारी को लेकर आयोजक समिति के कैलाश नारायण परिहार , सिद्धनाथ चौधरी द्वारा बताया गया की शाही सवारी को लेकर संपूर्ण तैयारी करली गई है और इसमें समिति सदस्यों एवं नगर वासियों का सराहनीय सहयोग मिलता आ रहा है।

### हर्षोल्लास से मनाया रक्षाबंधन त्यौहार

## बहना ने भाई के कलाई पर बांधा रक्षा सूत्र





हरिभूमि न्यूज ▶▶ कानड़

भाई बहन के अटूट स्नेह का पावन पर्व रक्षाबंधन शनिवार को नगर में हर्ष उल्लास से मनाया गया। सावन की पूर्णिमा पर पूरे परिवार के साथ बहनों ने रक्षा सूत्र से भाइयों की कलाइयां सजाई । बहनों ने अपने भाई को राखी बांधी, फिर भाल पर तिलक लगा कर मुंह मीठा कराकर भाई की लम्बी उम्र की कमाना की। राखी बंधवाने के बाद भाई ने बहन को रक्षा का आशीर्वाद एवं उपहार दिया। बहनों ने राखी बांधते समय भाई की लंबी उम्र एवं सुख उन्नति की कामना की।

**महंगाई पर भारी रही आस्था, बहनों ने जमकर खरीदी सामग्री:** हर साल की अपेक्षा इस वर्ष रक्षाबंधन पर नारियल और खोपरा गोला के भाव में काफी तेजी नजर आई पिछले साल जहां खोपरा गोला 200 से 250 रुपए प्रति किलो बिका था और नारियल भी लगभग 15 से 20 रूपए प्रति नग बिका था वहीं इस साल रक्षा बंधन पर खोपरा गोला 350 से 400 रूपए किलो और नारियल 25 से 30 रूपए नग बिका। भाव में इतनी तेजी के बाद भी बहनों ने अपने भाई के लिए जमकर नारियल गोले की खरीदी की, शाम तक तो आलम यह थे की सभी दुकानों पर नारियल गोले का स्टॉक खत्म हो चुका था। त्योहार की खरीदी को लेकर बाजार में दिन भर भीड़ देखने को मिली। इस बार राखियों से लेकर मिठाई तक के भावों में इजाफा हुआ है।




## मुख्यमंत्री ने जिला कोतवाली थाना प्रभारी शशि उपाध्याय को प्रदान किया आईएसओ प्रमाण-पत्र

### मुख्यमंत्री ने राखी बंधवाकर किया सम्मानित, शुभकामनाओं के साथ दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा



प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा रक्षाबंधन पर्व पर आगर जिला मुख्यालय पर जहां बहनों से रक्षा सूत्र बंधवाकर उन्हें उपहार प्रदान किये वहीं पुलिस सेवा में कार्यरत जिला कोतवाली थाना प्रभारी शशि उपाध्याय को रक्षाबंधन का तोहफा आईएसओ प्रमाण पत्र प्रदान कर दिया गया। शनिवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा अपने आगर जिले के दौरे के दौरान जहा उन्होंने लाडली बहनों से राखी बंधवाई जाकर उन्हें उपहार प्रदान किया गया। वहीं कोतवाली थाने की थाना प्रभारी शशि उपाध्याय को पुलिस थाने पर किए गए उत्कृष्ट कार्यो के लिए आईएसओ प्रमाण -पत्र प्रदान किया गया। उनकी इस उपलब्धि पर जिला कलेक्टर, जिला पुलिस अधीक्षक सहित पुलिस स्टॉफ व परिचितों द्वारा बधाई शुभकामनाएं देकर उज्वल भविष्य की कामना की गई।

ज्ञात रहे की आईएसओ एक स्वतंत्र गैर-सरकारी अंतरराष्ट्रीय संगठन है जो विभिन्न उद्योगों और क्षेत्रों के लिए मानकों को विकसित करता है। आईएसओ प्रमाणन का मतलब है कि किसी कंपनी, संस्था, या संगठन ने आईएसओ द्वारा निर्धारित मानकों को पूरा किया है। यह प्रमाणन गुणवत्ता, सुरक्षा, और दक्षता के मामले में एक उच्च स्तर की गारंटी प्रदान करता है। जब किसी पुलिस थाने को आईएसओ प्रमाण पत्र मिलता है, तो इसका मतलब है कि वह कुछ खास मानकों को पूरा करता है। जैसेः- शिकायतों का प्रभावी प्रबंधन, शिकायतकर्ताओं के साथ अच्छा व्यवहार, रिकॉर्ड का रखरखाव ठीक से रखना,



### शिकायतकर्ताओं को उनकी शिकायतों पर सूचना का आदान-प्रदान

आईएसओ मानकों का पालन करने से पुलिस थाने की दक्षता में वृद्धि होती है, जिससे काम तेजी से होता है। मध्य प्रदेश में आईएसओ प्रमाणित पुलिस थानेः- मध्य प्रदेश में कुछ पुलिस थाने आईएसओ प्रमाणन प्राप्त कर चुके हैं, जैसे कि भोपाल का महिला पुलिस थाना और गरोठ पुलिस थाना। ये थाने अंतर्राष्ट्रीय मानकों को पूरा करते हैं और अपने कामकाज में गुणवत्ता और दक्षता सुनिश्चित करते हैं।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए मिला पुरुस्कार




हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

जनपद पंचायत नलखेड़ा की ग्राम पंचायत भंडावद को उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरुस्कार प्रदान किया गया। जिला पंचायत कार्यालय में उत्कृष्ट कार्य के लिए ग्राम पंचायत भंडावद के सरपंच व पंचायत सचिव का सम्मान कर पुरुस्कार प्रदान किया गया। पुरुस्कार जिला पंचायत के एडिशनल सीईओ जितेंद्र सिंह सेंगर, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि भेरूसिंह चौहान, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेश पाटीदार व जिला पंचायत सदस्यों द्वारा प्रदान किया गया।

### प्रसिद्ध पीताम्बरा सिद्धपीठ बगलामुखी मंदिर पर रविवार को लंबी कतारें लगीं

## काफी संख्या में माता के दर्शन करने के लिए पहुंचे भक्तगण

### भक्तों की लगी लंबी-लंबी कतारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

नगर में स्थित विश्व प्रसिद्ध पीताम्बरा सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर पर रविवार को बड़ी संख्या में भक्त माता के दर्शनार्थ के लिए माता मंदिर पहुंचे , जिनके द्वारा माता रानी के दर्शन कर परिवार की सुख - समृद्धि की कामना माता रानी से की गई । नगर में स्थित विश्वप्रसिद्ध पीतांबरा सिद्धपीठ मां बगलामुखी माता मंदिर पर रविवार को देश के कोने-कोने से आए श्रद्धालुओं ने कतार में लगकर मां के दर्शन करें। इस दौरान मां के जयकारे से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान हो रहा था। रविवार अवकाश का दिन होने से सुबह से ही भक्तों की भीड़ माता मंदिर पर लगी रही जो देर रात तक जारी थी। यहां पहुंचे भक्तों ने मां के दर्शन किए तो कई भक्तों ने मां के आंगन में परिवार की सुख शांति समृद्धि तथा अपनी मनोकामना पूर्ति हेतु हवन-अनुष्ठान भी किए। मां के दर्शनों का दौर देर रात तक चलता रहा। सूर्यमुखी हनुमान मंदिर से लेकर सिंहद्वार तक भक्तों की लंबी-लंबी कतारें लगी हुई थी। हर कोई भक्त माता की एक झलक पाने को आतुर दिखाई दे रहा था। बढ़ती भीड़ के चलते गर्भगृह के बाहर से माता के दर्शनार्थ की व्यवस्था प्रशासन द्वारा की गई थी।




### मनोकामना पूर्ति के लिए किए हवन अनुष्ठान कार्य

नगर में स्थित मां बगलामुखी मंदिर के संबंध में मान्यता है कि किसी भी भक्त द्वारा अपनी मनोकामना के लिए मंदिर परिसर में हवन अनुष्ठान करवाया जाता है तो उस भक्त की मनोकामना शीघ्र पूर्ण होती है। इसी को लेकर भक्त अपनी मनोकामना लेकर मां के दर पर विशेष हवन- अनुष्ठान करवा रहे हैं। रविवार को माता के दर्शनार्थ के लिए पहुंचे कई भक्तो द्वारा माता के दर्शनार्थ उपरांत मां के दरबार में हवन-अनुष्ठान कार्य भी किया जिसके चलते पुरा मंदिर परिसर मंत्रोच्चार से गुंजायमान हो रहा था ।

### मां का हुआ आकर्षक श्रृंगार

मां बगलामुखी मंदिर पर माता रानी का प्रतिदिन आकर्षक श्रृंगार कर माता को भिन्न - भिन्न रंगों की चूनर ओढाई जाती है। रविवार को भी पुजारी परिवार द्वारा माता रानी का स्वर्ण श्रृंगार कर पीले रंग की चूनर ओढाई गई थी जोकि भक्तों को बरबस ही अपनी ओर आकर्षित कर रही थी।

## खबर संक्षेप

### भगवान मनकामनेश्वर की भव्य सवारी आज

**देवास।** मनकामनेश्वर सेवा समिति पुराना बस स्टेंड के तत्वाधान में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी परंपरागत रूप से भादौ के पहले सोमवार को भगवान मनकामनेश्वर की भव्य शाही सवारी 11 अगस्त की शाम धूमधाम से निकाली जाएगी। जिसमे भगवान शहर का हाल जानने के लिए शाही पालकी में विराजित होकर नगर भ्रमण पर निकलेंगे। सवारी में मुख्य आकर्षण हरियाणा के मलंग कलाकार चलित झांकिया, बेंड, घोड़े, हाथी, ढोल, ताशे, डी जे वाहन, आर्केस्ट्रा, बर्फ की झांकी, भूतो की टोली, महाकाल गोला, अखाड़े शामिल होंगे। भव्य सवारी नयापुरा, जनता बैंक चौराहा, एम जी रोड, तहसील चौराहा, नगर निगम, ए.बी रोड, पीठा रोड से होती हुई पुनः मनकामनेश्वर चौराहे पर भव्य आरती के साथ संपन्न होगी। सवारी में संत महात्मा, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक आदि उपस्तिथ रहेंगे। सभी भक्त जन भगवान की सवारी में शामिल होकर अपने जीवन को धन्य करे। उक्त जानकारी आयोजक संजय दायमा, अध्यक्ष संजय शुक्ला ने दी।

### जीडी फाउंडेशन ने किया कार्यक्रम आयोजित

**देवास।** साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था जी.डी. फाउंडेशन, भारत के तत्वावधान में, जिला बिलासपुर इकाई द्वारा पूर्णिमा के अवसर पर माता मावली मंदिर परिसर में सेवा सहयोग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को भोग प्रसाद, भोजन सामग्री एवं प्राथमिक जरूरत की वस्तुएँ निःशुल्क वितरित की गईं। संचालन छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रश्मि लता मिश्रा के नेतृत्व में किया गया। उन्होंने निर्धन, जरूरतमंद बच्चों और वयस्कों को उपयोगी सामग्री प्रदान करते हुए सेवा भाव का संदेश दिया। कार्यक्रम में संवाद सत्र भी रखा गया, जिसमें वृद्धजनों के आदर-सत्कार, संस्कार, शिक्षा के प्रति जागरूकता, बाल विवाह की रोकथाम, विकलांग एवं असहाय लोगों की सहायता, गर्मी में पशु-पक्षियों की सेवा जैसे विषयों पर चर्चा हुई। पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के महत्व पर जागरूक किया गया।

## नेमावर पुलिस ने जंगल,पहाड़ और नालों से ढूंढ निकाली चोरी की 11 मोटरसाइकिल

# गिरोह दबोचा देवास, हरदा, होशांगाबाद और भोपाल से चोरी गई बाइक बरामद

### अन्तर्राज्यीय चोर गिरोह का किया पर्दाफाश, 02 आरोपियो को किया गिरफ्तार,11 मोटर साइकिल की जप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



थाना नेमावर पुलिस ने सटीक कार्यवाही करते हुए जंगल,पहाड़ और नालों से चोरी हुई 11 बाइकें को ढूंढकर अन्तर्राज्यीय चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों गिरफ्तार किया हैं। जप्त किए गए दो पहिया वाहनों में जिला देवास सहित हरदा,होशांगाबाद एवं भोपाल जिलों से चोरी गए वाहन भी शमिल हैं। देवास पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद द्वारा लगातार चोरी हो रहे वाहनो का पता लगाकर उन्हे जप्त कर उक्त गतिविधियो में संलिप्त आरोपियो पर सख्त कार्यवाही हेतू निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में 05 अगस्त को थाना नेमावर पर आकर फरियादी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि ग्राम पिपल्यानानकर से उनकी पल्सर चोरी हो गई है। जिस पर से थाना नेमावर पर अपराध क्रमांक 250/25 धारा 303 (2) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए ग्रामीण एएसपी सौम्या जैन के मार्गदर्शन में एसडीओपी कन्नौद आदित्य तिवारी के निर्देशन में थाना प्रभारी नेमावर मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व मे विशेष टीम का गठन किया गया।

विशेष टीम द्वारा मुखबिर तंत्र सक्रिय करते हुए आस-पास के सीसीटीव्ही कैमरा चेक किए गए। 09 अगस्त को थाना नेमावर क्षेत्र में शाम के समय चलाए जा रहे सघन वाहन चैकिंग अभियान के दौरान नेशनल हाईवे के किनारे वाहन चैकिंग की जा रही थी,इसी दौरान दो व्यक्ति हरदा तरफ से एक पल्सर मोटर साईकल पर आते दिखे जिन्हे चैकिंग हेतु रोका गया। चैकिंग के दौरान गाडी के दस्तावेज मांगने पर वाहन चालक द्वारा असमर्थता जताई गई। मोटर साईकिल वाहन क्रमांक एमपी 41एनएफ 4327 को पोर्टल पर चैक करते उक्त वाहन विशाल पिता श्रवण निवासी पिपल्यानानकर की होना पाया गया। जिस पर से संदिग्ध वाहन चालकों से सख्ती से पूछताछ करने पर उनके द्वारा उक्त मोटरसाईकिल को चोरी कर ले जाना बताया। उक्त आरोपियो को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर उनके द्वारा जिला देवास के अलावा जिला हरदा,होशंगाबाद एवं भोपाल से भी मोटर साईकिल चोरी करना कबूला गया। आरोपियो द्वारा वाहनों को ग्राम मकडाई के नाले किनारे बने जंगल की बीच में छुपाकर रखा होना पाया गया। पुलिस ने आरोपियो द्वारा बताए स्थानो से 11 मोटरसाईकिल जप्त कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की। नेमावर थाना पुलिस ने सुरज यदुवंशी पिता सकत सिंह यदुवंशी उम्र 19 साल निवासी मकडाई तहसील सिवनी मालवा जिला नर्मदापुरम और प्रद्युम पिता बृजलाल यदुवंशी उम 28 साल निवासी चौकसे कॉलोनी सिवनी बनापुरा जिला नर्मदापुरम को गिरफ्तार किया। उल्लेखनीय है कि देवास पुलिस द्वारा इस वर्ष अब तक 28,38,000/- की राशि 58 दो पहिया वाहन एवं 51,80,000/- कीमत के 09 चार पहिया वाहन चोरों से बरामद किए गए है।

### सराहनीय कार्य

उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी नेमावर मनोज कुमार सिंह, उनि गणेश लाल जटिया, प्रआर कपिल जाट, दीपक,ज्ञान सिंह यादव,आर सुमित,समरथ,राजेश धाकड,सत्यम पांडे,मआर पूजा काजवे,सैनिक संदीप तोमर,श्याम सिंह,नारायण यादव,चालक बृंद्रावन केवट की सहारनीय भूमिका रही।



# दबंगई कर अवैध वसूली व मारपीट करने वाला गिरफ्तार

### थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने दबंगई दिखाकर अवैध वसूली, मारपीट करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तारदेवास। थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दबंगई दिखाकर अवैध वसूली और मारपीट करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया हैं।एसपी पुनीत गेहलोद द्वारा दबंगई कर अवैध वसूली करने वाले आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के आदेश दिए गए थे। जिस पर शहर एएसपी जयवीरसिंह भदौरिया एवं सीएसपी सुमित अग्रवाल के निर्देशन में थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र निरीक्षक शशिकांत चौरसिया को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

09 अगस्त को फरियादी ने थाना औद्योगिक क्षेत्र में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वे विकासनगर चौराहा देवास पर पानी-पताशे का ठेला लगाते हैं।रात करीब 07:00 बजे एक व्यक्ति शराब के नशे में आया और बिना भुगतान किए पताशे खाने की मांग करने लगा। जब फरियादी ने पूछा कि कितने रुपये के पताशे चाहिए तो वह व्यक्ति भड़क गया और बोला कि "तुम मुझे नहीं जानते, मेरा नाम जितेन्द्र सोनी है,मैं यहां का दादा हूँ, तुम मुझसे पैसे मांगोगे?" एवं उसने अश्लील गालियां दीं,मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना औद्योगिक क्षेत्र देवास में अपराध क्रमांक 739/2025 धारा 296, 115(2),351(3),119(1) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया।

मुखबिर सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस टीम ने 10 अगस्त को फरार आरोपी जितेन्द्र उर्फ जीतू पिता रामकुमार सोनी उम्र 32 वर्ष निवासी कंट्रोल वाली गली बड़ा बाजार देवास को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र निरीक्षक शशिकान्त चौरसिया, प्रआर मोहन वसुनिया, आर लक्ष्मीकांत, अजय जाट, यशपाल की सराहनीय भूमिका रही।

# राम रसोडे में पहुंचे मुख्यमंत्री के पुत्र डॉ. अभिमन्यु

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



रामदेवरा जी जाने वाले पैदल यात्रियों के लिए भौरासा क्षेत्र के काकड़दा फाटे के पास पिछले 13 वर्षों से रामदेवरा जाने वाले यात्रियों की सेवा के लिए पांडाल लगाए जाते हैं जिसमें 24 घंटे रामदेवरा जी जाने वाले यात्रियों की सेवा की जा रही है। इसी कड़ी मेंप्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के पुत्र डॉ. अभिमन्यु सिह यादव ने भोपाल से उज्जैन जाते समय काकड़दा फाटे पर चल रहे राम रसोडे में रूक कर बाबा के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया। इसके पश्चात काकड़दा स्थित डॉ. रूप सिंह नागर के निवास पर पहुंचे जहां पर परिवार जनों से मुलाकात कर कई विषयों पर चर्चा की। परिवारजनो द्वारा डॉ. अभिमन्यू सिंह यादव का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर कांकडदा सरपंच सुमेर सिंह नागर ,सरपंच महिपाल सिंह,बाबू सिंह पटेल, ईश्वर सिंह, फूल सिंह धाकड़, समंदर सिंह जागीरदार, कैलाश धाकड़, भगत जी, आदि लोग मौजूद रहे।

### भवानी सागर झोंटा नाथ घराना के निशान का भव्य स्वागत



**देवास।** भवानी सागर झोंटा नाथ घराना के पवित्र निशान का भव्य स्वागत रवि सांगते के नेतृत्व में समाजजनों द्वारा उज्जैन रोड पर श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। निशान को विशेष शोभायात्रा के रूप में उज्जैन रोड से होते हुए ले जाया गया, जहाँ पूरे मार्ग पर पुष्प वर्षा, जयकारों और मंगल ध्वनियों से वातावरण गूंज उठा। इस पवित्र निशान को उज्जैन भुजरिया स्थित वाल्मीकि धाम पर ले जाया जाएगा, जहाँ श्री उमेश नाथ महाराज के सान्निध्य में विशेष पूजा-अर्चना एवं धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे। आयोजन में आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु और समाजजन उपस्थित थे। इस अवसर पर आशीष सांगते, सचिन सांगते, विजय सांगते, इंदर भगत सांगते, कल्लू सिहोते, प्रियांशु सांगते, लड्डू डुमाने सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे, जिन्होंने आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय योगदान दिया।

# गोगा नवमी की तैयारियां जोरों पर, इस बार पवित्र निशान में दर्शाई जाएगी खाटू श्याम जी की झांकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शहर में प्रतिवर्षानुसार क्षत्रिय चौहान परिवार में जन्मे जाहरवीर गोगादेव के चल समारोह की जोरदार तैयारियां की जा रही है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अगले दिन गोगा नवमी पर 17 अगस्त, रविवार को शाम 7 बजे से निकलने वाले विशाल चल समारोह को लेकर शहर के प्रमुख चौराहों पर फ्लेक्स, बैनर चस्पा कर प्रचार किया जा रहा है। धर्म एवं राष्ट्र रक्षा के लिए आतंकी हमलावर महमूद गजनवी से संघर्ष करने वाले, गुरू गोरखनाथ के प्रिय शिष्य वीर गोगादेव के चल समारोह को लेकर समाजजनों में हर्षोल्लास व्याप्त है। वहीं कलाकार पवित्र निशान बनाने में दिन रात जुटे हुए है। पिछले तीस वर्षों से विविध अवसरों पर झांकियां एवं गोगा नवमी पर पवित्र निशान बनाते आ रहे कलाकार पटेल गजू चांवरे ने बताया कि देवास में इस बार चल समारोह में निकलने वाले पवित्र निशानों में श्री खाटू श्याम के मंदिर की आकर्षक झांकी का निर्माण भी किया जा रहा है। वही गजू चावरे द्वारा मंदसौर में निकलने वाले वीर गोगा जी के चल समारोह के लिए भी सांवरिया सेठ की आकर्षक झांकी का निर्माण कर रहे है। कलाकार चांवरे अनेक बार शील्ड, शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्हों से सार्वजनिक रूप से सम्मानित हो चुके है। श्री चांवरे ने बताया कि पवित्र निशानों के निर्माण में उन्हें अपने परिवार के आलोक बंजारे, सानू चांवरे, विशाल चांवरे, सुमित सांगते आदि सहयोग मिल रहा है। चांवरे ने सवा महीने तक साधकों द्वारा भक्ति, आराधना एवं साधना के पश्चात निकलने वाले गोगानवमी के चल समारोह में अधिक से अधिक संख्या में समाजजनों, शहर वासियों से सम्मलित होने का आग्रह किया है।

# कृषि मंडी परिसर में हुआ कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



पेन्शनर एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ जिला देवास ने मक्सी रोड़ स्थित रामाश्रय वृद्धाश्रम में रक्षाबंधन पर्व मनाया। संघ के मार्गदर्शक संरक्षक एम एल मालवीय देवड़ा, अध्यक्ष देवीशंकर तिवारी, सचिव अरविन्द शर्मा, कोषाध्यक्ष अशोक चोहान,ओ पी जाधव आदि सदस्य इस अवसर पर उपस्थित थे। वृद्धजनों का स्वागत अध्यक्ष देवीशंकर तिवारी ने किया। आपस में सभी ने एक दूसरे को राखी बांधी मिठाई खिलाई व बधाई दी एवं उन से आपसी चर्चा कर प्रसन्नता का माहोल बना कर घर परिवार जेसा आभास सभी वृद्ध जनों को हुआ। रमेशचंद्र अग्रवाल द्वारा संचालित रामाश्रय वृद्धाश्रम में वर्तमान में पच्चीस सदस्य हैं। संघ के कोषाध्यक्ष अशोक चोहान ने अपने पिता की पुण्यतिथि के अवसर पर आज के भोजन हेतु सहयोग राशि प्रदान की। जिला सचिव अरविन्द शर्मा ने सभी का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। प्रातः दस बजे प्रति माह की दस तारीख को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर वरिष्ठ जन के लिए डॉ.एस. एस. मालवीय के सहयोग से आयोजित किया गया। इसमें पेन्सनर एवं वरिष्ठ जनों के

## गायत्री शक्तिपीठ एवं गायत्री प्रज्ञापीठ पर श्रावणी उपाकर्म सम्पन्न, कई कार्यक्रम कराए

# गायत्री साधकों ने हेमाद्रि संकल्प कर दस स्नान किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



गायत्री शक्तिपीठ साकेत नगर एवं गायत्री प्रज्ञापीठ विजय नगर देवास पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी रक्षाबंधन के पावन पर्व पर श्रावणी उपाकर्म का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ जिसमें मातृ जन्म शताब्दी वर्ष 2026 को लेकर भी चिंतन मंथन हुआ। गायत्री शक्तिपीठ के मीडिया प्रभारी विक्रमसिंह चौधरी ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार श्रावणी पर्व (पूर्णिमा) पर गायत्री शक्तिपीठ साकेत नगर एवं गायत्री प्रज्ञापीठ विजय नगर पर हेमाद्रि संकल्प कर दस स्नान किया। ऋषि तर्पण के साथ अपने गुरु, पूर्वजों और परिवार जनों की आत्म शान्ति हेतू तर्पण का कर्मकांड सम्पन्न हुआ साथ हि नवीन यज्ञोपवित धारण किया गया। श्रावणी उपाकर्म का संचालन करते हुए गायत्री शक्तिपीठ के रामनिवास कुशवाह ने कहा कि शरीर का निर्माण तो हो गया, शरीर तो छूट जाएगा लेकिन शरीर के बाद भी आपकी आत्मा की दुर्गति न हो, आत्म निर्माण हो इसलिए तर्पण किया जाता हैं। इस दिन भाई बहन और मित्र परस्पर एक दूसरे को रक्षा सूत्र बांधकर शुभ संकल्प लेते है। रक्षाबंधन बहन की, संस्कृति की, राष्ट्र की रक्षा हेतु बंधन से जोडने का प्रतीक त्यौहार है। श्रावणी पर्व पर गायत्री शक्तिपीठ युवा प्रकोष्ठ जिला समन्वयक प्रमोद निहाले ने जिले के सभी प्रज्ञा संस्थानों के प्रभारियों, अभियान प्रभारियों, प्रज्ञा मण्डल, महिला मण्डल, तहसील समन्वयकों से अपील की है कि आगामी गुरुमाता वंदनीया माताजी की जन्म शताब्दी समारोह का स्वरूप ओर उसमें हमारी भागीदारी को लेकर गायत्री शक्तिपीठ साकेत नगर पर जिला स्तरीय संगोष्ठी आयोजित की गई है, इस गोष्ठी में जिले के प्रत्येक कार्यकर्ता की भागीदारी अनिवार्य होगी। सभी परिजन अपने साथ सहयोगी परिजनों को भी साथ लावे ताकि युग निर्माण योजना में उनका सहयोग भी मिल सके। वर्ष 2026 परम वंदनीया माताजी की जन्म शताब्दी वर्ष तक हर कार्यकर्ताओं को कमर कसनी होगी युग निर्माण योजना में, तब जाकर कुछ अच्छे परिणाम पा सकेंगे स इसके पूर्व श्रीवेदमाता गायत्री, परम पूज्य गुरूदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य, वंदनीया माता भगवतीदेवी शर्मा व ऋषियों का पूजन एवं देवआव्हान कर पंचकुण्डीय गायत्री महायज्ञ प्रारंभ कर पूर्णाहूति की गई जिसमें विश्व शांति, विश्व कल्याण एवं इस वर्ष अच्छी वर्षा हो इसके लिए विशेष मंत्रों द्वारा यज्ञ में विशेष आहुतियां दी गई। इसी प्रकार गायत्री प्रज्ञापीठ विजय नगर पर भी गायत्री प्रज्ञापीठ की संरक्षिका दुर्गा दीदी के सानिध्य में श्रावणी उपाकर्म सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में महेश पण्डया, कन्हैयालाल मोहरी, राजेन्द्र पोरवाल, देवीशंकर तिवारी, विक्रमसिंह राजपूत, सुरेश चौहान, चंद्रिका शर्मा, जगदीश चौहान, सोमेश्वर सोलंकी, शेषनारायण परमार, दीपक इंदानिया, प्रहलादसिंह सोलंकी, विजेंद्रसिंह बेस, प्रेमनारायण जाधव, सुभाष धोते, सालगराम सकलेचा, प्रदीप दुबे, कांतिलाल पटेल, विष्णु प्रसाद बागवान, ज्ञानदेव बोड़खे, डॉ. दिलीपसिंह पंवार, संतोष शर्मा, रमेशचंद्र पालीवाल, मोहन परिहार, अरूणेंद्र सोनी, शीला श्रीवास्तव, प्रहलाद श्रोतीय, श्रीमती चौहान, महेश बेटोड़िया, सुरेश चंद्रवंशी, मनोहर दुबे, दिलीप सोनी सहित अनेक परिजन उपस्थित थे। शक्तिपीठ पर श्रावणी उपाकर्म का संचालन परिव्राजक रामनिवास कुशवाह ने किया एवं प्रज्ञापीठ पर महेश आचार्य ने किया।

### जिला जेल में बंद कैदियों को बहनों ने बांधी राखी



**देवास।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर जिला जेल देवास प्रशासन द्वारा जेल मुख्यालय भोपाल के आदेशानुसार जिला जेल देवास में बंदियों को उनकी बहनों से राखी बंधवाने एवं खुली मुलाकात हेतु विशेष व्यवस्था की गई जिसमें बंदी भाईयों को राखी बाधने हेतु आने वाली बहनों के लिए जिला जेल प्रशासन द्वारा आकस्मिक चिकित्सा सुविधा, शुध्द एवं शीतल पेयजल व्यवस्था की गई ताकि बहनों को कोई असुविधा न हो। जेल प्रशासन द्वारा बंदियों को राखी बाधने व मुलाकात का कार्यक्रम सुबह 08 बजे से दोपहर 02 बजे तक नियत होने बावजूद भी दुर-दराज से जेल पर विलंब से उपस्थित होने वाली बहनों को जेल अधीक्षक हिमानी मनवारे द्वारा मानवीयता दिखाते हुए उनके भाईयो से मिलने व राखी बाधने का अवसर प्रदान किया गया। इस अवसर पर बहनों ने कैदियों की सलामती और अच्छे जीवन की कामना की, वहीं कैदियों ने भी बहनों को रक्षा का वचन देकर आगे एक अच्छा नागरिक बनने का संकल्प लिया। सभी बहनों एवं भाईयों में उत्साह देखा गया। इस अवसर पर लगभग 234 बंदी भाईयों को 436 बहनों के द्वारा राखी बाधी गई।

## खबर संक्षेप

### मप्र कांग्रेस महामंत्री गुड्डू राजा का आज मनेगा जन्मदिवस



**ललितपुर।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महामंत्री चन्द्रभूषण सिंह उर्फ गुड्डू राजा बुन्देला का जन्म दिवस पूरे हर्षोल्लास से मनाया जायेगा। पूरे शहर को बैनर पोस्टरों से सजाया गया है। तो वहीं धार्मिक स्थलों पर भी भव्यता से कार्यक्रम मनाये जाने की रूपरेखा बनायी गयी है। इसके अलावा असहाय बच्चों व वृद्धों को भोजन इत्यादि वितरण किया जाने का भी आयोजन किया जायेगा। गुड्डू राजा युवा संगठन की बैठक का आयोजन चौकाबाग बड़ी नहर के स्थित कार्यालय पर हुई। जिसमें मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महामंत्री गुड्डू राजा बुंदेला की का जन्म दिन 11 अगस्त को हर्षोल्लास के मानने पर विचार विमर्श किया गया। जिलाध्यक्ष राहुल कुशवाहा ने बताया कि 11 अगस्त को जिले में अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जायेगें। संगठन के द्वारा सबसे पहले तुवन सरकार के दरबार में जाकर भगवान से गुडडू राजा की लम्बी आयु, उत्तम स्वास्थ्य और राजनैतिक क्षेत्र में तरक्की की प्रार्थना की जायेगी।

### युवक का शव फांसी पर लटका मिला

**ललितपुर।** युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की । सुबह पेड़ पर तौलिए के फंदे पर शव लटकता मिला। मृतक ने आत्महत्या से पहले इंस्टाग्राम पर जाने वो कौन सा देश, जहां तुम चले गए गाने की स्टोरी अपलोड की थी। घटना मजरा सेवरा की है। जहां कृष्णपाल यादव सुबह उठकर चाय बनाकर पी और फिर खेत पर चला गया। कुछ देर बाद ग्रामीणों ने उसका शव फांसी के फंदे पर लटका देखा और परिजनों को सूचना दी। पुलिस ने शव को नीचे उतारकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के चाचा ने बताया कि कृष्णपाल की शादी कुछ साल पहले हुई थी और उसका आठ माह का एक पुत्र है। रक्षाबंधन के कारण उसकी पत्नी अपने बेटे के साथ मायके गई हुई थी। वह घर पर अकेला था। परिजनों का आरोप है कि ससुराल पक्ष के एक रिश्तेदार ने कृष्णपाल को धमकाया था, जिससे क्षुब्ध होकर कृष्णपाल ने यह आत्मघाती कदम उठाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से भैंस की मौत

**ललितपुर।** बानपुर थाने की ग्राम पंचायत कैलगुवां के मौजा खंजौरा निवासी मुलायम पुत्र लछ्छू पाल ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 6 अगस्त की शाम करीब 6-7 बजे उसकी ग्यावन भैंस घर आ रही थी, तभी मजरा के आगे मंदिर के पास अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे भैंस की मौत हो गयी। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है।

### रंजिश में दो पक्षों में मारपीट, मामला दर्ज

**ललितपुर।** ग्राम पनारी निवासी दिलीप पुत्र नत्थू ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि वह पनारी में मऊ रोड के पास था। तभी गांव के रुपेश व दशरथ पुत्रगण सुरेश एकराय होकर आये और पुरानी रंजिश को लेकर उसे गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसके साथ मारपीट कर दी, जिससे उसे हाथ-पैर में चोटें आयीं। आरोप है कि उक्त लोगों ने उसका फोन तोड़ते हुये जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने बताया कि 2-3 दिन पहले सुरेश ने उसके साथ मारपीट की थी, जिसकी शिकायत करने पर वह रंजिश मान रहा है, इसी के चलते उसने फिर मारपीट कर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उक्त सुरेश व दशरथ के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से सुरेश पुत्र मठू अहिरवार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह बाजार से घर की ओर जा रहा था, तभी रास्ते में कैलगुवां तिराहा पर साहिल पुत्र दिलीप ने उसकी बाइक रोकी और अपनी मां रेखा व पिता दिलीप के साथ मारपीट कर दी। आरोप है कि गालियां देते हुये उसे जान से मारने की धमकी दी। घटना का पूरा वीडियो दीपक साहू के सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड है। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## साइबर अपराध से बचने पर अटा मंदिर में हुई कार्यशाला

# एपीके फाइल न तो खोलें और न करें फॉरवर्ड इन से बचे : सीओ साइबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

श्रीदिगंबर जैन अटा मंदिर के प्रांगण में वैज्ञानिक संत आचार्य 108 श्रीनिर्भय सागरजी महाराज के ससंघ सानिध्य व उनके 39 वें वर्षा योग के मध्य अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम द्वारा साइबर क्राइम पर विशाल गोष्ठी एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि क्षेत्रीय प्रबंधक सर्वेश त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी साइबर क्राइम सुनील कुमार भारद्वाज उपस्थित रहे। सीओ साइबर अपराध ने साइबर क्राइम की रोकथाम हेतु बताया कि अनजान कॉल पर अपने बैंक विवरण व आधार कार्ड, पैन कार्ड आदि की व्यक्तिगत जानकारी न दें। उन्होंने अनजान वीडियो कॉल को रिसीव न करने, किसी के डर या झांसे में न आने एवं लालच से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में मोबाइल आदमी की जिंदगी का एक हिस्सा बन चुका है। मोबाइल के एक ओर कुछ फायदे हैं तो दूसरी ओर बहुत सारे नुकसान भी हैं। किंतु नुकसान से बचने के लिए सजग रहना जरूरी है इसी जागरूकता हेतु उन्होंने बहुत ही महत्वपूर्ण जानकारी से अवगत कराया व सुझाव दिया कि यदि कोई दुर्घटना हो ही जाती है तो तत्काल साइबर थाने में 1930 नंबर पर सूचित करें।

**बढ़ रहे हैं साइबर अपराध, सुरक्षा से ही आप अपने को सुरक्षित रख सकते हैं**



**फर्जी एप एवं एपीके फाइलों के बारे मे जानकारी दी**

क्षेत्रीय प्रबंधक ने जन जागरूकता, नियमित न्यूज पेपर पढ़ते रहे जन भागीदारी, एसएमएस अलर्ट एक्टिव रखने व खाते में मोबाइल नंबर अपडेट करने आदि की जानकारी दी। साइबर सेल से अवुल हसन ने कई प्रकार के फर्जी एप एवं एपीके फाइलों के बारे मे जानकारी दी व इनसे दूर रहने की सलाह दी। आचार्यश्री ने हैकिंग, फिशिंग, पहचान की चोरी, फिरौती आदि पर चर्चा की जो डिजिटल अरेस्ट के माध्यम से किया जाता है। इस दौरान जैन समाज अध्यक्ष अक्षय जैन, महामंत्री आकाश जैन, संयोजक सनत जैन, मंत्री कैप्टन राजकुमार, विजय जैन, राजकुमार जैन, दिलीप जैन, केवलचंद जैन, महिपाल जैन, सुरेंद्र सिंघई, विशाल जैन, सर्वज्ञ सतभैया, प्रतीक जैन, प्रियंक जैन, सौरभ जैन, शोभा जैन, सुनील जैन, अनिल अंचल, सतीश नजा, अशोक, आनंद जैन, मनोज जैन, अजय जैन, धन्यकुमार जैन, पारस जैन, दिलीप चौधरी, अक्षय अलया, अनिल अलया, राजेंद्र जैन, संजीव जैन, श्रेयांश जैन, महेंद्र जैन, प्रभात जैन मौजूद रहे। संचालन सनत जैन व आकाश ने संयुक्त रूप से किया।

## बाइक रैली का आयोजन किया



# भाजपा मंडल ने निकाली गौना में हर घर तिरंगा यात्रा

**ललितपुर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल गौना के शक्ति केन्द्र सौजना में भव्य एवं विशाल तिरंगा यात्रा बाइक रैली का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा बाईक रैली का शुभारंभ कारीटोरन तिगैला से हनुमान गढ़ी मन्दिर सौजना तक आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला महामंत्री बंशीधर श्रीवास रहे। तिरंगा यात्रा की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र प्रताप सिंह बुन्देला ने की। यात्रा में सैकड़ों की संख्या में बाईक उपस्थित रहीं तथा सैकड़ों कार्यकर्ता पदाधिकारी ग्रामीण जन क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। जिसमें मुख्य रूप से सुनील वैद्य, वीरचन्द जैन, बृजकिशोर चाचोंदिया, मण्डल महामंत्री साहब सिंह बुन्देला कोरवास, नवल सिंह राजपूत, रामनाथ रजक, चन्द्रभान सुरैया, जगत पटेरिया, अतुल वैद्य, मनोज राय पण्डाखेरा, संदीप जैन, उदित राजा, कमल सिंह बुन्देला, यशपाल राजा, रविन्द्र राठौड़, तिलक यादव आदि तमाम कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## अशोकनगर अंतर्गत चंदेरी से रक्षाबंधन पर्व पर कार से झांसी जा रहे थे

# कार से राखी बंधवाने जा रहे पिता की सड़क हादसे में मौत, दो बच्चे घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

मध्य प्रदेश के जिला अशोकनगर अंतर्गत चंदेरी से रक्षाबंधन पर्व पर राखी बंधवाने कार से झांसी जा रहे थे कि ग्राम जखौरा के पास यकायक कार पास की पुलिया से टकरा गई इस हादसे में कार चला रहे चालाक की दर्दनाक मौत हो गयी। जबकि कार सवार दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गये।


घायलों को प्राथमिक उपचार के दौरान जखौरा के अस्पताल ले जाया गया, जहां से घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। वहीं घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि चंदेरी निवासी 70 वर्षीय शंकर सहाय श्रीवास्तव पुत्र जमुना प्रसाद अपने साथ 28 वर्षीय शुभम व 26 वर्षीय आंचल के साथ झांसी में अपनी बहन के यहां राखी बंधवाने के लिए कार में सवार होकर जा रहे थे। इसी बीच जखौरा रोड पर कार अचानक अनियंत्रित हो गयी, जिससे हादसा हो गया। इस हादसे में 70 वर्षीय शंकर सहाय की मौत हो गयी, जबकि शुभम व आंचल गंभीर रूप से घायल हो गये। जहां प्रारंभिक उपचार के दौरान शंकर सहाय को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं शुभम व आंचल को अंधरूनी चोटें बतायी जा रहीं है।



## कथा का वचन साध्वी वृंदावन के सान्निध्य में किया गया था

# भागवत कथा का समापन आयोजक को क्षेत्र की बहनों ने बांधे रक्षा सूत्र

**ललितपुर।** ब्लॉक जखौरा के ग्राम बुड़वार में अशोक राय ने अनेक बहनों से रक्षा सूत्र बंधवाकर रक्षा का वचन दिया। ज्ञात हो की ग्राम बुड़वार में धार्मिक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया। इस कथा का वचन साध्वी वृंदावन के सान्निध्य में किया गया। कथा में अनेकों लोग उपस्थित रहे और उन्होंने धर्म लाभ लिया। शश्रीमद्भागवत कथा के साथ साथ 5.51 लाख शिवलिंगों का निर्माण किया गया, जिसमें पूरे क्षेत्र के माता बहनों ने सहयोग कर इस पावन आयोजन को सफल बनाने में सहयोग कर धर्म लाभ लिया। रक्षाबंधन पर आयोजक अशोक राय बुढ़वार ने सभी बहनों से रक्षा सूत्र बंधवाया। बहनों ने रक्षा सूत्र बांधे और सभी बहनों को साड़ी वितरण कर सारी बहनों के पांव भी पखारे और उन्हें रक्षा का वचन दिया। अंत में रामकिशोर राय ने आभार जताया।



# धानुक बरार समाज के नगर अध्यक्ष ने की नगर कमेटी की घोषणा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

शहर क्षेत्र के मोहल्ला नेहरु नगर में धानुक बरार समाज के नव निर्वाचित नगर अध्यक्ष सुजीत धानुक की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। जिसमें नगर क्षेत्र की नगर कमेटी का गठन किया गया। जिसमें संरक्षक मंडल वरिष्ठ पत्रकार महेश वर्मा, शिवप्रसाद पन्थेले, हरदास नेताजी, किशोरी गोविन्द नगर, किशनलाल सेवानिवृत रेल विभाग शामिल रहे। इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय कुमार नेहरु नगर, उपाध्यक्ष-सचिन कुमार नेहरु नगर, रामेश्वर पेंटर, कार्तिक (संजू) बंसल, कोषाध्यक्ष ऋतिक मुडेले, महासचिव राकेश जुगपुरा, सचिव-राजेश पटोरा, विशाल मुडेले, पवन आजादपुरा, कंचन बाबू, ऑडिटर विशाल नगेले, प्रचार मंत्री प्रमोद सरदार, सांस्कृतिक मंत्री राहुल नगेले, मीडिया प्रभारी सचिन बड़कुल आदि पदाधिकारी बनाये गए। इस अवसर पर खुशाल बरार, आशाराम नगेले, गनेश, गंगाराम, बबलू, सकनी, सोनू, रवि नगेले, खेमचन्द्र, रामबाबू, शोभाराम, रविन्द्र वर्मा, आदि लोग उपस्थित रहे।

## अखण्ड ब्राह्मण महासभा की बैठक संपन्न

# संगठन को और अधिक मजबूत बनाने किया गया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तालबेहट

हजारिया महादेव मंदिर में अखण्ड ब्राह्मण महासभा की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को और अधिक मजबूत बनाना और समाज के लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। बैठक के दौरान, सदस्यों ने समाज के लोगों को आगे बढ़ाने और उन्हें किसी भी तरह के शोषण से बचाने के तरीकों पर विस्तार से चर्चा की। यह निर्णय लिया गया कि महासभा समाज के कल्याण के लिए सक्रिय रूप से काम करेगी और लोगों को संगठित करेगी ताकि वे एकजुट होकर अपनी समस्याओं का समाधान कर सकें। इस महत्वपूर्ण बैठक में कई प्रमुख सदस्य मौजूद थे, जिनमें पं. ज्ञानेंद्र कुमार पटेरिया (ब्लॉक अध्यक्ष), विपिन कुमार शर्मा (ब्लॉक प्रभारी), संकेत शुक्ला (ब्लॉक संगठन मंत्री), पंकज पटेरिया (ब्लॉक सचिव), हरिनारायण पटेरिया (ब्लॉक संयोजक), स्वप्निल शर्मा (ब्लॉक संगठन मंत्री), सचिन तिवारी (ब्लॉक संगठन मंत्री), बवेले गजानन मूर्ति (नगर अध्यक्ष), सुमित अग्निहोत्री, और आशीष पुरोहित शामिल थे। बैठक का सफल संचालन ब्लॉक अध्यक्ष ज्ञानेंद्र पटेरिया ने किया और बैठक की अध्यक्षता विपिन शर्मा ब्लॉक प्रभारी ने की।

# देसी शराब के 22 पाउच किए बरामद

**ललितपुर।** किराना की दुकान पर शराब बेचने के लिए जा रहे युवक से पुलिस ने भारी मात्रा में शराब बरामद की है। नई बस्ती चौकी प्रभारी उप निरीक्षक आलोक कुमार सिंह ने बताया कि वह चेतन सं. 02 मुख्य आरक्षी राघवेन्द्र पाल व पीआरडी प्रमोद कुमार के साथ गश्त कर रहे थे। तभी उन्हें मुखबिर ने सूचना दी कि एक व्यक्ति सफेद थैले में भारी मात्रा में देशी शराब रखकर जा रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस ने तुवन ग्राउण्ड के पीछे तिराहा पर जांच की, जहां मोटर साइकिल से आता हुआ एक युवक दिखायी पड़ा। उसे रोकने पर पुलिस को देखकर युवक सकपका गया। पुलिस को पकड़े गये युवक ने अपना नाम सिविल लाइन निवासी आशाराम कुशवाहा पुत्र स्व. प्रेमनारायण बताया। पुलिस ने युवक के पास मौजूद औरेंज रंग के थैले से 22 क्वाटर देशी शराब रसभरी मार्का के बरामद किये। आशाराम ने बताया कि वह सुपर मार्केट स्थित कलारी से शराब खरीदकर लाता है और किराने की अपनी दुकान से देशी क्वाटर को 55 रुपये का क्वाटर 65 रुपये में बेचता है। आशाराम के खिलाफ आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। पूर्व में नई बस्ती चौकी ने ढाबा पर बिक रही अवैध शराब बरामद की थी मगर सड़क के किनारे बिक रही कच्ची शराब पर कार्रवाई के अभाव में स्वयं प्रश्न खड़े हो रहे हैं।

### फोन करके धमकाने का आरोप

कोतवाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम महरौनीखुर्द निवासी मुकेश पाल पुत्र चैना पाल ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 7 अगस्त की रात करीब 9 बजे उसे गांव के रविन्द्र पुत्र रमेश का फोन आया और वह फोन पर बोला कि उसने रक्षाबंधन पर गांव आने पर जान से मारने के लिए 20 लाख रुपये रख लिये हैं। आरोप है कि रविन्द्र ने गडरिया समाज को भी मारने की धमकी दी। घटना के बाद से पीड़ित काफी डरा हुआ है। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# वन स्टॉप सखी सेंटर व दीक्षा शिशु गृह में मनाया रक्षा बंधन का पर्व




**अशोकनगर।** शनिवार को रक्षाबंधन पर्व पर जिले में बाल कल्याण समिति के सदस्यों का नवाचार देखने को मिला। जिन्होंने दीक्षा शिशु गृह एवं वन स्टॉप सखी सेंटर पर पहुंचकर बच्चों, महिला स्टाफ से राखी बंधवाई। ये पहली बार है जब इस तरह का नवाचार देखने को मिला है। उन्होंने सभी को अपनी ओर से उपहार भी दिए। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष ब्रजकिशोर शर्मा ने मौजूद बच्चों व स्टाफ को पहले रक्षाबंधन की बधाई दी और उनसे राखी बंधवाई। उन्होंने बताया कि रक्षा बंधन का पर्व बहन और भाई के प्रेम का पवित्र रिश्ता है। उन्होंने कहा ये मौका हमें मिला है, जब हम आप सबके साथ इस पवित्र त्यौहार को मनाएं। कई नियमों की बंदिशों के कारण आपके परिवार के लोग भी इस दिन आपसे नहीं मिल पा रहे इस कमी को पूरा करने का प्रयास हम कर रहे हैं। उनके साथ बाल कल्याण समिति के सदस्य भूपेंद्र रघुवंशी भी शामिल थे।

# ब्राह्मणों ने श्रावणी उपाकर्म व संस्कृत दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





नगर की प्रतिष्ठित संस्था श्रीराम सभा द्वारा ब्राह्मण परंपराओं को जीवंत बनाए रखने हेतु लगभग 5 दशकों से श्रावणी उपाकर्म का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में शनिवार को ऐतिहासिक नगरी तूमैन में त्रिवेणी नदी के पावन तट पर आचार्य रामचंद्र नायक के निर्देशन में वंदनीय ब्राह्मण बन्धुओ द्वारा नैमित्तिक कर्म की परंपरा का पालन किया गया।

इस अवसर पर आचार्य पंडित रामचंद्र शास्त्री ने कहा कि ब्राह्मणों की उज्जवल परंपरा के मान बिंदुओं के परिपालनार्थ बगैर किसी दिखावे की हमें अपनी जड़ों से जुड़ना आवश्यक होगा,जिसके लिए आने वाली पीढ़ी को प्रशिक्षित कर संस्कारित करना भी हमारा ही उत्तरदायित्व है। इस अवसर पर ब्राह्मणों ने हेमाद्रि संकल्प, दश विधि स्नान, यज्ञोपवीत पूजन,सप्तर्षि पूजन,तर्पण-हवन आदि कर पावन त्रिवेणी नदी में स्नान कर श्रावणी उपाकर्म का आयोजन किया ।इसके बाद समस्त ब्राह्मण बन्धुओ द्वारा अखिल विश्व की मंगल कामना हेतु स्वस्तिवाचन कर आशीर्वाद प्रदान किया एवं संस्कृत दिवस के अवसर पर वेदों के मन्त्रो का उच्चारण कर संस्कृत का महत्व प्रतिपादित किया और अपील कि संस्कृत हमारा गौरव व विशुद्ध वैज्ञानिक भाषा है तथा सभी भाषाओं की जननी है। कार्यक्रम में संयोजक पं रामचंद्र शास्त्री, पं अशोक शास्त्री, आचार्य रामेश्वर शास्त्री, पं रामजी शास्त्री(सावन), वेदाचार्य शिवम शर्मा, श्री ध्रुव शास्त्री,पं पवित्र शास्त्री,पं अर्पित शास्त्री,पं अमन शास्त्री,पं संजय शास्त्री जयपुर,पं. कीर्ति पाठक ,पं. विवेक शर्मा ,पं अभिषेक चैधरी, पं हेमंत शर्मा, पं.हर्ष शर्मा ,पं.सिद्धान्त नायक, पं आदित्य नारायण नायक, पं.श्लोक शर्मा आदि विप्र बन्धु उपस्थित रहे।

### जिला जेल में मनाया गया रक्षाबंधन पर्व, उपजेल सारंगपुर में मंत्री टेटवाल पहुंचे

# जेल में राखी: भाई-बहनों की आंखों से फूट पड़ी अश्रुधारा

जेल परिसर के अंदर राखी का यह आयोजन खुशी के साथ-साथ कुछ समय के लिए भावुक भी नजर आया जब कुछ बहनें सालों से जेल में बंद अपने भाइयों को राखी बांध रही थीं





हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़-सारंगपुर

भाई-बहन के पवित्र, निश्छल, निस्वार्थ प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व शनिवार को जिले भर में धूमधाम के साथ मनाया गया। जिला जेल सहित उपजेलों में भी रक्षाबंधन पर्व पर बहनें अपने भाईयों को राखी बांधने पहुंची। जेल परिसर के अंदर राखी का यह आयोजन खुशी के साथ-साथ कुछ समय के लिए भावुक भी नजर आया जब कुछ बहनें सालों से जेल में बंद अपने भाईयों को राखी बांध रही थीं तो भाईयों की आंखों से प्रायश्चित के आंसू निकलते देखे गए। जिला जेल में विभिन्न अपराधों के चलते बंद अपने अनुज, अग्रजों को राखी बांधने सुबह से ही जेल परिसर के सामने बड़ी संख्या में बहिनें एकत्रित होना शुरू हो गईं। न केवल राजगढ़ जिले बल्कि अन्य जिलों से भी बहिनें जेल में निरुद्ध अपने भाईयों की कलाई पर राखी बांधने पहुंची।

**जेल प्रबंधन ने किए माकूल इंतेजाम**

सभी जेलों में राखी पर्व मनाए जाने के शासन से मिले निर्देशों के बाद जेल प्रबंधन द्वारा रक्षाबंधन हेतु माकूल इंतेजामात किए गए थे। बहिनों को जेल के बाहर कतारबद्ध खड़ा करवाया गया। जेल के रजिस्टर में अंदर जाने वाली सभी बहिनों व अन्य की एंट्री भी की गई। इसके साथ ही जेल प्रबंधन द्वारा जेल परिसर में बाकायदा टेंट, फर्श, जल इत्यादि की व्यवस्था भी की गई थी। जिला जेल अधीक्षक आलोक वाजपेयी ने बताया कि 250 के लगभग बहिनों ने जिला जेल पहुंचकर अपने भाईयों को राखियां बांधी।

**उपजेल सारंगपुर में मनाया रक्षाबंधन**

रक्षाबंधन पर्व पर सारंगपुर के तत्वावधान में स्थानीय उपजेल में भावपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में म.प्र. शासन के तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री गौतम टेटवाल,मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद,नगर पालिका उपाध्यक्ष नीलेश वर्मा, जेलर विकास जैन, सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी भाग्यलक्ष्मी दीदी, ब्रह्माकुमारी प्रीति दीदी, ब्रह्माकुमार नीरज भाई सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। दीप प्रज्वलन व परमात्म स्मृति से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। व्यसन मुक्ति की थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में सभी बंदियों और जेल स्टाफ को ब्रह्माकुमारी बहनों ने राखी बांधी और पर्व का महत्व बताया। भाग्यलक्ष्मी दीदी ने कहा कि तन को बंधन में रखा जा सकता है, लेकिन मन सदा स्वतंत्र है। जीवन में काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार पर नियंत्रण के लिए राजयोग सर्वोत्तम साधन है। मंत्री गौतम टेटवाल ने ब्रह्माकुमारीज के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ध्यान और सकारात्मक चिंतन से जीवन को सही दिशा दी जा सकती है, साथ ही हमें व्यसनों से दूर रहने का संकल्प लेना चाहिए। बंदियों को मिठाई, फल और वरदान कार्ड वितरित किए गए तथा उन्हें एकांत समय का उपयोग रचनात्मक जीवन निर्माण में करने की प्रेरणा दी गई। ब्रह्माकुमारी प्रीति बहन ने सभी को बुराइयों को त्यागने और सुंदर जीवन बनाने की प्रतिज्ञा कराई। संचालन ब्रह्माकुमार नीरज ने किया। जेलर विकास जैन ने कहा कि इस कार्यक्रम ने उपजेल को सकारात्मकता और भाईचारे का संदेश दिया है।

### किसीएटीएम में नहीं सुरक्षा गार्ड

## भगवान भरोसे एटीएम बूथों की सुरक्षा, आराम करते हैं कुत्ते




**राजगढ़।** राजगढ़ मुख्यालय पर एसबीआई सहित विभिन्न बैंकों के एटीएम बूथों की सुरक्षा भगवान भरोसे चल रही है। अगर बात सिर्फ भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम की करें तो राजमहल परिसर स्थित मुख्य ब्रांच के अलावा अन्य किसी भी एटीएम बूथ पर सुरक्षा गार्डों की कोई व्यवस्था प्रबंधन द्वारा नहीं करवाई गई है। आलम यह है कि जेल रोड के सामने सहित अन्य बूथों पर कुत्ते, गाय सहित अन्य मवेशी आराम फरमाते देखे जाते हैं। कई एटीएम ऐसे हैं जहां के कांच के गेट सहित एसी पूरी तरह खराब हैं। यह स्थिति अकेले दिन के समय नहीं बल्कि रात्रि में भी एसबीआई के एटीएम बूथों पर सिक्यूरिटी गार्ड नजर नहीं आते। उल्लेखनीय कि शातिर बदमाशों द्वारा विभिन्न जिलों के एटीएम कटर मशीनों से काटकर राशि चुराने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इसके बाद भी एसबीआई प्रबंधन अपने एटीएम बूथों की सुरक्षा के प्रति लापरवाह बना हुआ है।

**रात्रि में ज्यादा डर**

एटीएम बूथों के अंदर कुत्तों के बैठे रहने से सुरक्षा गार्ड न होने के कारण रात्रि के समय रुपए निकालने जाने वालों में डर बना रहता है। पुलिस विभाग द्वारा पत्र जारी कर सुरक्षा गार्ड तैनात करवाने के निर्देश दिए गए हैं लेकिन एसबीआई सहित अन्य बैंक प्रबंधनों उन निर्देशों पर कोई अमल नहीं किया जा रहा है।

## समाज ने गंभीर घायल बीरम गुर्जर की इलाज के लिए आर्थिक सहायता मांगी

### विद्युत मंडल के जेई को दिया ज्ञापन



**जीरापुर।** कुशवाहा मोहल्ला चूड़ी गली में लाइट का कार्य करे आउटसोर्स कर्मचारी बीरम गुर्जर विद्युत पोल से नीचे गिरने से गंभीर घायल होने के बाद इंदौर इलाज चल रहा है। इस घटनाक्रम को लेकर गुर्जर समाज ने एकजुट होकर विद्युत कार्यालय पहुंचकर जेई को एक ज्ञापन देकर इलाज हेतु आर्थिक सहायता की मांग की है। दरअसल गुर्जर समाज लोगों ने दिये आवेदन में उल्लेख किया कि बीरम गुर्जर मीटर वाचक का कार्य करता था फिर भी विद्युत पोल पर लाईट का कार्य कर रहा था, उसके करंट लग जाने से अचानक पोल से गिर जाने पर गंभीर चोटे आई है। जिसका इलाज बॉम्बे हॉस्पीटल इन्दौर में चल रहा है व जिंदगी और मोत के बीच झूल रहा है। यह जानते हुए भी की बीरम एक मीटर वाचक है और मीटर वाचक का काम मीटर वाचन एवं बकाया बिल की उगाही करना है,उसके बावजूद भी आपके द्वारा मीटर वाचक से लाईनमेन का कार्य करवाया गया। जो गलत है। आपके द्वारा उपेक्षापूर्ण पद का दुरूपयोग कर अपने अधीनस्थ मीटर वाचक बीरम से उसके नियुक्ति पत्र मे उल्लेखित शर्तो एवं मीटर वाचक द्वारा किये जाने वाले कार्यों से अलग कार्य करने के लिए विवश किया गया।जिस कारण से आज बीरम गुर्जर कि इस प्रकार की स्थिति हुई है घायल बीरम के इलाज का खर्च कम से कम 7-8 लाख आने का अस्पताल प्रबंधन द्वारा बताया जा रहा है। बीरम के परिवार की ऐसी आर्थिक स्थित ठीक नही है कि वह इस खर्च को वहन कर सके, विद्युत विद्युत विभाग से मांग की है कि इलाज का संपूर्ण खर्च की व्यवस्था कर घायल बीरम का व्यवस्थित इलाज किया जा सके। अगर विद्युत विभाग ने इस ओर ध्यान नहीं दिया तो गुर्जर समाज एकजुट होकर दोषी कर्मचारी व अधिकारी के खिलाफ पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी। आवेदन देने में वालों को में पूर्व पार्षद पुरसिंह गुर्जर, बजरंग दल जिला उपाध्यक्ष सुजान सिंह गुर्जर , शिक्षक रामचंद्र गुर्जर, भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष दिनेश गुर्जर, जगदीश गुर्जर मन्याखेड़ी ,विजय गुर्जर , हेमराज गुर्जर, शोभाराम गुर्जर आदि मौजूद थे।

## बहनों ने मंगल तिलक लगाकर भाइयों की कलाई पर बांधा रक्षासूत्र



**खुजनेर।** खुजनेर में रक्षाबंधन का त्योहार बड़े उल्लास के साथ मनाया गया। बहनों ने भाईयो की कलाई पर बांधा रक्षा सूत्र वही भाईयो ने बहनों की रक्षा का वचन लिया शनिवार को रक्षा बंधन के चलते सुबह से ही देर शाम तक बाजारों में मीड़ भाड़ रही नगर में सजी राखी की दुकानों से बहनों ने भाईयो के लिए सुंदर राखिया खरीदी वही शुम मुहूर्त में मंगल तिलक व मिठाई खिलाकर भाई की कलाई पर राखिया बांधी वही भाई ने बहनों को गिफ्ट भी दिए भारती संस्कृति के अनुसार रक्षा बंधन, भाई-बहनों के बीच अटूट प्यार को दर्शाने के लिए मनाया जाता है। यह त्यौहार प्रतिवर्ष श्रावण मास सावन माह की पूर्णिमा पर पड़ता है इस दिन बहने पूजा-अर्चना करके भाइयों की कलाइयों पर राखी बांधती है और उनके स्वास्थ्य व जीवन में सफल होने की कामना करती है। वहीं भाई अपनी बहनों की रक्षा करने और बिपरीत स्थिति में उनकी मदद करने के लिए वचन देते हैं।

### शिकायत की जांच करने खेत तक पहुंचे अधिकारी

**शमशाबाद।** तहसील के ग्राम पट्टन निवासी कृषक चंद्रमोहन यादव पिता मेहरबान सिंह यादव के खेत में 32 बीघा रकवा खरपतवार नाशक व कीट नाशक दवा के छिड़काव से सोयाबीन नष्ट हो गया था। जिसकी शिकायत किसान चन्द्रमोहन यादव द्वारा कलेक्टर अंशुल गुप्ता व जिला कृषि कार्यालय में की गई थी। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए विकासखंड में पदस्थ कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा निरीक्षण प्रतिवेदन जिला कार्यालय में प्रस्तुत किया गया था। कार्रवाई के लिए कार्यालय उपसंचालक कृषि द्वारा जांच दल का गठन किया गया। दल में उपसंचालक कृषि केएस खपेड़िया, वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. वीके गर्ग, पादप रोग वैज्ञानिक डॉ. आशीष श्रीवास्तव, सहायक संचालक कृषि महेंद्र सिंह ठाकुर, प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी जगदीश गुर्जर, क्षेत्रीय कृषि अधिकारी संगम रघुवंशी, लक्ष्मण गुर्जर कृषि विस्तार अधिकारी एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा तहसील समन्वयक जितेंद्र यादव ने नुकसान का जायजा लिया।

### रात्रि में अक्सर हादसे होते

## गायों के इलाज के लिए तुरंत मौके पर पहुंचते हैं गो सेवक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में उपलब्ध पशुधन के मान से पर्याप्त गोशालाएं नहीं हैं। ऐसे में मुख्यालय सहित जिले के अन्य शहरों, कस्बों एवं ग्रामों में सैकड़ों की संख्या में लावारिस मवेशी सड़कों सहित हाईवे पर बैठे देखे जा सकते हैं। इन मवेशियों के सड़कों पर बैठे रहने से वे अक्सर हादसों का शिकार होकर घायल भी हो रहे हैं। प्रशासनिक स्तर पर इन लावारिस मवेशियों के लिए काफी कुछ इंतेजाम किए गए हैं लेकिन वे नाकाफी हैं। ऐसे में राजगढ़ नगर के कईं सेवाभावी युवक इन दिनों गौवंश की सेवा में लगे हुए हैं। शुक्रवार रात्रि जालपा माता पहाड़ी के नजदीक एक अज्ञात वाहन गाय को टक्कर मारकर फरार हो गया। सूचना मिलते ही सेवाभावी युवाओं की टीम मौके पर पहुंची और गौमाता का उपचार करवाते हुए गोशाला में छोड़ने की व्यवस्था करवाई गई। गौसेवकों चेतराम गुर्जर, शोभाराम गुर्जर, पंकज गुर्जर, ललित गुर्जर, महेश दांगी, सुजान गुर्जर, महेश गुर्जर, पुलित पिपलोटिया, धर्मेंद्र पिपलोटिया, अभिषेक गुर्जर सहित अन्य को जैसे ही किसी गौवंश के घायल या परेशानी में होने की सूचना मिलती है, सभी तुरंत मौके पर पहुंच जाते हैं।

**अन्य गोसेवक भी सदैव तत्पर**

नयन विजयवर्गीय एवं टीम सहित राधारानी गोशाला के सेवाभावी युवक भी गोवंश की देखरेख में लगे हुए हैं। आमजनों के सहयोग से जहां लावारिस मवेशियों के लिए चारे की व्यवस्था की जा रही है वहीं बीमार एवं घायल मवेशियों का इलाज इन ऊर्जावान युवाओं द्वारा करवाया जा रहा है।

## उत्साह से मनाया रक्षाबंधन का पर्व



**जीरापुर।** श्रावण माह के पावन अवसर पर रक्षाबंधन का पर्व पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा और उनकी लंबी उम्र, सुख-समृद्धि की कामना की। भाइयों ने भी बहनों की रक्षा का संकल्प लिया और उन्हें उपहार भेंट किए। इस अवसर पर घर-परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण देखने को मिला। परंपरागत मिठाइयों और शुभकामनाओं के साथ रक्षाबंधन का यह पर्व भाई-बहन के प्रेम और स्नेह का प्रतीक बना रहा।



### भाई की याद में मनाया रक्षा बंधन

## बहन बोली- हमेशा याद आता है भाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छापीहेड़ा

भाई बहन का स्नेह और प्यार लड़ाई झगडे का प्रतीक भी होता है जो हंसी खुशी के साथ-साथ स्नेह भरी लड़ाई से सरोकार होता है। वह लड़ाई लड़ाई नहीं होती बल्कि भाई बहन का प्यार होता है दाख परिवार की बहू रीना गुप्ता अपने भाई रमेश की याद संजोए हुए हैं ।रमेश भले ही इस दुनिया में ना रहा परंतु बहन रीना की यादों में आज भी प्रदर्शित रूप में महसूस करती रहती है।

## पौधरोपण के साथ रक्षाबंधन व विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया

### पलास अभियान हर वर्ष 9 अगस्त पर 2029 तक चलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़




विश्व आदिवासी दिवस एवं रक्षाबंधन पर्व पर पूर्व वर्षो की तरह प्रकृति संरक्षण परिवार,आकाश एवं जय ओमकार भिलाला समाज संगठन द्वारा रेस्ट हाउस भैसाटोल पहाड़ी पर पलाश (खांखरा) के लगभग 265 पौधों का पौधरोपण सीहोर से पधारे श्री बलराम भिलाला पुलिस विभाग के मुख्य आतिथ्यमें किया गया ।

रेस्ट हाउस पहाड़ी पर वर्ष 2019 से तत्कालीन नरसिहगढ एसडीएम सिद्धार्थ जैन की मंशा अनुसार पहाड़ी को रंगीन करने की दृष्टि से पलाश (खांखरा) के बीजारोपण का अभियान प्रकृति संरक्षण परिवार के संस्थापक राधेश्याम भिलाला आकाश प्रदेश उपाध्यक्ष द्वारा छात्राओं व समाजजन के साथ 9 अगस्त को चलाया गया था जो कि आज लगातार 7 वर्ष हो गए हैं इस अभियान से पलाश खांखरा के भैसाटोल पहाड़ी पर अत्यधिक मात्रा में लगभग 7 से 8 फीट के पौधे हो रहे हैं। यह पलास अभियान हर वर्ष 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस पर 2029 तक चलेगा निश्चित रूप से भैसाटोल पहाड़ी वर्ष 2029 तक मार्च माह में केसरिया फूलों से लद जाने के साथ-साथ केसरिया पहाड़ी के रूप में जानी जाने लगेगी। पूर्व वर्ष लगभग 2004 में तत्कालीन नरसिहगढ संजय गोयल वर्तमान स्कूल शिक्षा सचिव मध्य प्रदेश शासन भोपाल द्वारा छात्र-छात्राओं के साथ नीम की निंबोली बीजारोपण का अभियान भिलाला द्वारा चलाया था जो कि आज पूरी पहाड़ी पर नीम के बड़े-बड़े वृक्ष दिखाई दे रहे हैं इसी प्रकार 2029 तक पलाश के भी बड़े-बड़े वृक्ष दिखाई देंगे। आज विश्व आदिवासी दिवस पौधारोपण अभियान के मौके पर राजेश भिलाला जिलाध्यक्ष जय ओमकार भिलाला समाज संगठन राजगढ़ दुलीचंद भिलाला महासचिव लक्ष्य भिलाला संजय भिलाला देवचंद किशोर भिलाला अंश भिलाला कु गोरी भिलाला का पौधारोपण बीजारोपण अभियान में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सराहनीय सहयोग रहा।

## रक्षाबंधन पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने दिया सामाजिक समरसता का संदेश



**सारंगपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नगर सारंगपुर द्वारा रक्षाबंधन का पावन पर्व स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर परिसर में उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में नगर संघ चालक राधेश्याम शर्मा, मुख्य वक्ता जिला बौद्धिक प्रमुख सुशील व्यास सारंग एवं नगर कार्यवाह राकेश सिसोदिया ने ध्वज को रक्षा सूत्र बांधकर पर्व की शुरुआत की। अमृत वचन एवं गीत के पश्चात मुख्य वक्ता सुशील व्यास ने कहा कि सन 1925 में स्थापित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का उद्देश्य समाज को संगठित कर राष्ट्रभक्ति जागरण एवं सेवा कार्य करना है। संघ का स्वयंसेवक सदैव आपदा-विपदा में निरूस्वार्थ भाव से सेवा करता है। रक्षाबंधन हमें देश, समाज और राष्ट्र रक्षा की प्रेरणा देता है। उन्होंने बताया कि संघ का शताब्दी वर्ष विजयादशमी से प्रारंभ हो रहा है, जिसके अंतर्गत पंच परिवर्तनकृसामाजिक समरसता, पर्यावरण, नागरिक शिष्टाचार, स्वदेशी और कुटुंब प्रबोधनकृपर विशेष कार्य होंगे। संघ प्रार्थना के बाद स्वयंसेवकों ने एक-दूसरे को रक्षा सूत्र बांधकर शुभकामनाएं दीं और सेवा बस्ती भरगुंडावाड़ी पहुंचकर मोहल्लावासियों को रक्षा सूत्र बांधकर रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। यहां खंड संघ चालक श्री शर्मा ने सामाजिक समरसता पर प्रेरणादायी उद्बोधन दिया। कार्यक्रम में विभाग के गौ सेवा प्रमुख जुगल किशोर दुबे, धर्म जागरण प्रमुख अमृत बृजवासी एवं नगर के अनेक स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## कपिलेश्वर धाम में वैदिक मंत्रों के साथ संपन्न हुआ श्रावणी उपाकर्म

### कायिक, वाचिक, मानसिक एवं आत्मिक शुद्धि का महापर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

सावन शुक्ल पूर्णिमा के पावन अवसर पर कपिलेश्वर धाम परिसर में श्रावणी उपाकर्म का वैदिक अनुष्ठान श्रद्धा एवं भक्ति भाव से सम्पन्न हुआ। कृष्णासिंधु के तट पर प्रातःकालीन शीतल समीर के बीच गूंजते वेदमंत्र और श्वेत वस्त्रधारी यज्ञोपवीतधारी साधकों की उपस्थिति ने वातावरण को दिव्यता से अभिभूत कर दिया। पं. पवन पारीक, पं. बालकृष्ण शर्मा एवं पं. भूपेंद्र जोशी के निर्देशन में तीर्थस्मरण, सूर्योपासना, दशविध स्नान, ऋषि तर्पण, प्रायश्चित, सप्तऋषि पूजन एवं हेमाद्रि संकल्प की विधियां सम्पन्न हुईं। मिट्टी, गोबर, भस्म, दुर्वा, पंचामृत, फल, गोमूत्र और तीर्थजल से प्रक्षालन कर साधकों ने आंतरिक और बाह्य शुद्धि का संकल्प लिया। उपस्थित जनों ने पातकों से दूर रहने, सत्यवचन, परनिंदा त्याग, हिंसा परिहार, इंद्रिय संयम और सदाचरण का व्रत लिया।संस्कृत दिवस के अवसर पर वेद पूजन एवं सग्रहमख हवन में आहुतियों के साथ वातावरण वैदिक ऊर्जा से पुलकित हो उठा। देव, पितर, कुलगुरु एवं राष्ट्रवीरों को तर्पण कर कृतज्ञता अर्पित की गई। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शासन के कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के राज्यमंत्री गौतम टेटवाल ने कहा कि "यह केवल यज्ञोपवीत परिवर्तन का पर्व नहीं, बल्कि ऋषियों के स्मरण और आंतरिक समृद्धि के संकल्प का दिन है। प्राचीन काल में इसी दिन से वेदाध्ययन आरंभ होता था और यह आत्मशुद्धि का श्रेष्ठ अवसर है।



इस अवसर पर सुशील व्यास, संजय व्यास, आशुतोष वैद्य, भावेश शर्मा, संतोष पुष्पद, स्वदीप सोलंकी, वासुदेव पुष्पद, नरेंद्र सोनी, कमलेश शर्मा, दिनेश शर्मा, सहयोग शर्मा, संतोष शर्मा, आकाश शर्मा सहित अनेक समाजबंधु उपस्थित रहे। ब्राह्मण समाज अध्यक्ष पं. संजय शर्मा ने नगर के पंडितवाड़ी स्थित प्राचीन श्रीराम मंदिर के पुनर्निर्माण कार्य की बाधाओं को दूर कर कार्य शीघ्र आरंभ करवाने का अनुरोध किया, जिस पर मंत्री ने सकारात्मक आश्वासन दिया। आयोजन के अंत में पं. संजय शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि "श्रावणी उपाकर्म केवल अनुष्ठान नहीं, बल्कि अपनी परंपरा और संस्कृति के प्रति प्रेम का उद्घोष है। कार्यक्रम सफलता के साथ संपन्न हुआ।